राजस्थान सरकार

वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन

2014–2015

आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग

राजस्थान, जयपुर

विवरणिका

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	एक परिचय	1
2.	विभाग की स्थापना एवं गठन	2
3.	वर्ष 2014–15 की उपलब्धियाँ	3
4.	अभाव स्थिति	6
5.	मानसून की स्थिति	6
6.	अतिवृष्टि/बाढ़ की स्थिति	7
7.	ओलावृष्टि की स्थिति	7
8.	गौशाला अनुदान	7
9.	असहाय सहायता	8
10.	अग्नि पीड़ितों को सहायता	8
11.	राजस्थान राहत कोष	8
12.	राज्य/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि	8

क्र.सं.	परिशिष्ट	पृष्ठ संख्या
1.	प्रशासनिक ढ़ांचा	10
2.	विभाग में कार्यरत अधिकारियों की सूची	11
3.	स्वीकृत पदों की स्थिति	12
4.	राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण	13
5.	राज्य कार्यकारिणी समिति	14
6.	जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण	15
7.	वित्तीय वर्ष 2014–15 में खोज एवं बचाव मद में स्वीकृत राशि का विवरण	16
8.	क्षमता संवर्धन योजना में वर्ष 2014–15 मे स्वीकृत राशि	17
9.	राज्य आपदा मोचन निधि/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि अन्तर्गत बजट प्रावधान व व्यय	19
10.	क्षमता संवर्धन में प्राप्त व्यय की स्थिति	20
11.	अकाल राहत गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न मदों में व्यय की स्थिति	21
12.	अन्य अकाल राहत गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न मदों में व्यय की स्थिति	22
13.	आपदावार नोडल विभागों की सूची	23
14.	अभाव की स्थिति	24
15.	वर्षा की स्थिति	26
16.	भूकम्प प्रभावित क्षेत्र	27
17.	सूखा प्रभावित क्षेत्र	28
18.	सहायता के मापदण्ड	29

आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग

एक परिचय

राजस्थान राज्य का अधिकांश भाग रेगिस्तानी एवं कम वर्षा वाला है। राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य का क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की जनसंख्या 685.48 लाख है, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्या 515.00 लाख है तथा शहरी क्षेत्र की जनसंख्या 170.48 लाख है। जनसंख्या का औसत घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। राज्य की जनसंख्या का लगभग 75.13 प्रतिशत ग्रामीण व 24.87 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में निवास करता है। राज्य के थार मरूस्थल के अन्तर्गत 12 जिलों का 60 प्रतिशत भू–भाग आता है जिसमें राज्य की लगभग 40 प्रतिशत जनता निवास करती है।

राज्य में लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या का मुख्य व्यवसाय कृषि व पशुपालन है। राज्य की जलवायु अर्द्ध शुष्क से शुष्क के मध्य है। राज्य में देश के कुल भू–भाग का 10.4 प्रतिशत जबकि कुल जल संसाधन का केवल 01 प्रतिशत भाग ही विद्यमान है। उत्तर–पश्चिमी रेतीले भाग में कृषि के साथ–साथ पशुपालन भी काफी महत्वपूर्ण है। 2012 की पशुगणना के अनुसार राज्य में 5.77 करोड पशुधन हैं जो कि देश की कुल पशु संख्या का 11.27 प्रतिशत है।

राजस्थान के निवासियों को किसी न किसी रूप में लगभग हमेशा ही अकाल का सामना करना पड़ता रहा है। राजस्थान बनने के पश्चात केवल वर्ष 1959–60, 1973–74, 1975–76, 1976–77, 1990–91 व 1994–95 को छोड़कर अन्य वर्षो में अकाल की स्थिति राज्य के किसी न किसी भाग में कमोबेश लगातार विद्यमान रही है।

वर्ष 2012–13 के समंकों के अनुसार प्रदेश में कुल बोये गये 23,954 हजार हैक्टेयर भूमि में से 9,455 हजार हैक्टेयर ही सिंचित भूमि है। राज्य में शुद्ध सिंचित क्षेत्र की 72.83 लाख हेक्टेयर (97.12 प्रतिशत) भूमि कुओं, ट्यूबवेलों तथा नहरों से सिंचाई की जाती है। प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रों में कुओं में जलस्तर 300 फुट नीचे है। राज्य के जैसलमेर, बाडमेर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ आदि जिलों में 500 फुट तक गहरे कुए खोदने पर भी पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है तथा कुछ जगह पानी फ्लोराइड युक्त व खारा भी है जो कि सिंचाई एवं पेयजल हेतु उपयुक्त नहीं होता है। राज्य की 75 प्रतिशत खेती वर्षा पर निर्भर रहती है। राज्य के अधिकतर क्षेत्र में सिंचाई कुओं से होती है तथा कम वर्षा के समय अक्सर कुएं सूख जाते हैं अथवा जलस्तर बहुत नीचे चला जाता है। समय पर पर्याप्त वर्षा न होने के कारण खरीफ व रबी दोनों ही फसलें खराब हो जाती है।

विभाग की स्थापना एवं गठन

सहायता विभाग की स्थापना राज्य सरकार के आदेश दिनांक 24.10.1951 के द्वारा सहायता आयुक्त के कार्यालय की स्थापना के साथ हुई। पूर्व में राहत संबंधी कार्य राजस्व विभाग के अधीन एक शाखा द्वारा सम्पन्न किये जाते थे। दिनांक 30.4.62 को अकाल संहिता तैयार की गई तथा सहायता विभाग ने उसके अनुसार कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 1964 तक खाद्य एवं सहायता विभाग एक संयुक्त विभाग के रूप में कार्यरत रहे। इसी वर्ष से दोनों विभाग अलग होकर सहायता विभाग का एक अलग अस्तित्व कायम हुआ। वर्ष 1963–64 एवं वर्ष 1964–65 में राज्य में भंयकर सूखे की स्थिति से मुकाबला करने के लिए सहायता विभाग का पूर्ण विस्तार हुआ।

गुजरात राज्य में आये भूकम्प दिनांक 26 जनवरी, 2001 के पश्चात् केन्द्र सरकार द्वारा संकट प्रावधान व्यवस्था (Crisis Management) के बजाय जोखिम प्रावधान व्यवस्था (Risk Management) की नीति अपनाई गई है जिसके अनुसरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 18.12.02 में दिये गये दिशा निर्देशों की अनुपालना में दिनांक 30.10.03 से सहायता विभाग का नाम बदल कर आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग कर दिया गया हैं।

आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, राजस्थान सरकार का एक स्थायी विभाग है, जो शासन सचिव एवं आयुक्त, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता के अधीन कार्य करता है। इस विभाग का मुख्यालय राज्य स्तरीय है। राज्य में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के प्रबन्धन एवं प्रभावितों को राहत प्रदान करने का कार्य इस विभाग द्वारा किया जाता है। राहत एवं बचाव कार्य विभिन्न विभागों/संस्थानों के माध्यम से सम्पन्न कराये जाते हैं। जिला कलक्टर तथा विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यो के नियंत्रण, क्रियान्वयन एवं समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं।

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 राज्य में अगस्त 1, 2007 से लागू होने के फलस्वरूप विभाग के कार्य में व्यापक दृष्टिकोण एवं नये परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन के कार्य, जिसमें आपदा से बचाव व राहत प्रदान करने के स्थान पर आपदा पूर्व योजनाबद्ध तरीके से रोकथाम के उपाय, आपदाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने के उपाय एवं इस सम्बन्धी सभी अग्रिम आवश्यक तैयारियाँ करना और आपदा आने पर बचाव, राहत एवं पुनर्वास कार्य प्रभावशाली तरीके से संचालित करना है।

विभाग के प्रशासनिक गठन का ढांचा **परिशिष्ट–1,** विभाग में कार्यरत अधिकारियों की सूची **परिशिष्ट–2,** विभाग में स्वीकृत पदों की सूची **परिशिष्ट–3** पर दर्शायी गयी है। जिला स्तर पर जिला कलक्टर सहायता गतिविधियों का नियंत्रण, प्रतिपादन एवं समन्वय करते हैं।

विभागीय निर्देशों, गतिविधियों एवं प्रगति की आदिनांक जानकारी विभाग की वेब साइट http://www.rajrelief.nic.in पर उपलब्ध है।

वर्ष 2014–2015 (दिसम्बर, 2014 तक) की उपलब्धियाँ

- वर्ष 2014–15 में माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 08.07.2014 को आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2013–14 (सम्वत 2070) में राज्य के 22 जिलों में ओलावृष्टि से फसलों में 50 प्रतिशत या इससे अधिक का नुकसान होने पर प्रभावितों को राहत प्रदान करने हेतु दिनांक 28.02.2014 को जारी राहत पैकेज के अन्तर्गत प्रभावित काश्तकारों के 4 माह के बिजली के बिल माफ करने, कृषि आदान अनुदान प्रदान करने तथा आबियाना शुल्क माफ करने आदि का कार्योत्तर अनुमोदन, अभाव घोषणा के पश्चात उक्त जिलों में चारा परिवहन अनुदान, गौशाला/पशुशिविर संचालन, पेयजल परिवहन, अल्पकालीन फसली सहकारी ऋणों को मध्यकालीन ऋणों में परिवर्तन, अनुग्रह सहायता, भूराजस्व वसूली स्थगित आदि राहत गतिविधियों के संचालन का अनुमोदन, अभावग्रस्त जिलों की अभावग्रस्त क्षेत्रों एवं गैर अभावग्रस्त क्षेत्रों की समस्त पंजीकृत गौशालाओं के पशुओं को अनुदान दिये जाने हेतु लिये गये नीतिगत निर्णय का अनुमोदन, जिलों में अभावग्रस्त राजस्व ग्रामों की संख्या 25 प्रतिशत से अधिक होने पर सम्पूर्ण जिले में एवं घोषित राजस्व ग्रामों की संख्या 25 प्रतिशत से कम होने पर केवल अभावग्रस्त ग्रामों में ही पेयजल परिवहन व्यय राज्य आपदा मोचन निधि से करने का कार्योत्तर अनुमोदन, आपदा प्रबन्धन अधिनियिम, 2005 की पालना में राज्य में वर्तमान आपदा प्रबन्धन नीति जनवरी, 2007 में परिवर्तन की आवश्यकता के फलस्वरूप तैयार की गई नई नीति के प्रारूप का पूर्ण परीक्षण करने पर राज्य कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया जाकर राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन किया गया एवं आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 की धारा 23 के अन्तर्गत विभाग द्वारा तैयार राज्य आपदा प्रबन्धन योजना के प्रारूप को राज्य कार्यकारी समिति के द्वारा अनुमोदन किया जाकर राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा भी अनुमोदन किया गया।

- वर्ष 2014–15 में मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 12.05.2014 व 12.06.2014 को आयोजित की गई, जिसमें सम्वत 2070 में अभावग्रस्त जिलों में राहत गतिविधियों यथा पेयजल, अनुग्रह राशि, पशु संरक्षण गतिविधियां आवश्यकता होने पर 30 दिन से 60 दिन एवं 60 दिन से 90 दिन या अभाव अवधि 31 जुलाई, 2014 जो भी पहले हो तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

- वर्ष 2014–15 में राज्य में उत्पन्न बाढ़ की स्थिति के कारण क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं पुनरूद्धार हेतु प्राप्त प्रस्तावों को एसडीआरएफ के नये नोर्म्स के अन्तर्गत स्वीकृत करने का अनुमोदन किया गया।

- राज्य में अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त हुये मकानों की मरम्मत हेतु 11 जिलों के प्रभावित व्यक्तियों को सहायता दिये जाने हेतु 932.86 लाख रुपये का बजट आवंटन किया गया है।
- राज्य में अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं में जलने, डूबने तथा मकान ढहने से मृतकों के परिजनों को एसडीआरएफ नॉर्म्स अनुसार 1.50 लाख रुपये प्रति व्यक्ति सहायता प्रदान की गयी है।
- आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 लागू होने के उपरान्त यह आवश्यक हो गया है कि राज्य आपदा प्रबन्धन नीति में आवश्यक संशोधन समाहित किये जायें एवं अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नीति का निर्धारण किया जाये। अतः अधिनियम की धारा 18 की पालना में संशोधित आपदा प्रबन्धन नीति तैयार की जाकर लागू कर दी गई है।
- राज्य में खोज, बचाव व संचार व्यवस्था को विकसित किये जाने तथा आपातकालीन उपकरणों के क्रय हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 में अभी तक रुपये 769.87 लाख की राशि स्वीकृत की गई। जिसका विवरण **परिशिष्ट संख्या–7** पर उपलब्ध है।
- क्षमता संवर्द्धन योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण, ईओसी सुदृढ़ीकरण तथा आपदा प्रबन्धन योजनाओं को अद्यतन/तैयार करने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 में कुल रुपये 481.51लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई, जिसका विवरण **परिशिष्ट संख्या–8** पर उपलब्ध है।
- आपदा प्रबन्धन अधिनियम, 2005 के अनुच्छेद 23 की अनुपालना में भारत सरकार के निर्देशानुसार विभाग द्वारा राज्य आपदा प्रबन्धन योजना तैयार की जाकर लागू कर दी गई है।
- अनुच्छेद 31 की अनुपालना में अधिकांश जिलों की जिला आपदा प्रबन्धन योजनाओं को वर्ष 2012 के लिये आदिनांकित किया जा चुका है।
- आपदाओं के प्रबन्धन में संसाधनों व जन शक्ति की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी India Disaster Resource Network (IDRN) वेब साइट के माध्यम से समय–समय पर जिलों द्वारा अद्यतन की जा रही है।
- भारत सरकार को आपदा प्रबन्धन की वर्ष 2013–14 की वार्षिक रिपोर्ट भिजवा दी गई है।
- वर्ष 2014 में ओलावृष्टि एवं पाला/शीतलहर से प्रभावित 22 जिलों यथा अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बारां, बीकानेर, बून्दी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, जयपुर, झालावाड़, झुन्झुनूं, जोधपुर, कोटा, करौली, नागौर, स0माधोपुर, टोंक

एवं सीकर में रबी फसलों में 50 प्रतिशत या उससे अधिक खराबा होने पर 6.87 लाख किसानों को लाभान्वित किया गया। सम्वत 2070 के अन्तर्गत रबी फसल खराबे पर प्रभावित कृषकों के लिए वर्ष 2014–15 में कृषि आदान अनुदान 441.73 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया।

- विभाग द्वारा आपदा प्रबन्धन के क्रम में जिला व राज्य स्तर के मध्य पत्राचार व बजट आवंटन की प्रक्रिया सरल व त्वरित करने की दृष्टि से एक वेब आधारित कम्प्यूटर एप्लीकेशन राजकॉम्प के माध्यम से तैयार करवायी गई है। इस वेब एप्लीकेशन के माध्यम से जिलों द्वारा विभिन्न गतिविधियों हेतु मदवार ऑनलाइन डिमाण्ड की जाती है जिसकी विभाग समीक्षा कर आगामी दो दिवस में ऑनलाइन बजट आवंटन करता है। इसके अतिरिक्त विभाग विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट, आवंटन–व्यय पर नियन्त्रण, एसी–डीसी बिलों की प्रगति आदि की सूचना भी इसी वैब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा रही है। इस वेब एप्लीकेशन को और अत्यधिक सूचनावर्धक व उपयोगी बनाने हेतु समय–समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। IFMS के साथ इसका Integration भी किया जा चुका है।

- राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित नेशनल स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत बीकानेर तथा अलवर जिले के 200–200 स्कूलों का चयन किया गया है। भारत सरकार से प्राप्त राशि रूपये 1,51,89,306 का हस्तांतरण माध्यमिक शिक्षा बीकानेर को कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इस कार्यक्रम की क्रियान्विति की जा रही है।

- सम्वत 2070 में सूखा प्रभावित 17 जिलों यथा अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बाडमेर, बारां, बीकानेर, चूरू, डूंगरपुर, जोधपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, कोटा, जैसलमेर, झालावाड़, नागौर, पाली एवं बून्दी में खरीफ फसल खराबा होने पर राज्य सरकार द्वारा कृषि आदान अनुदान के रूप में 25.66 लाख किसान प्रभावित हुए। सम्वत 2070 के अन्तर्गत वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में क्रमशः 43,523.79 लाख एवं 34,092.65 लाख कुल 77,616.44 लाख की राशि जनवरी, 2015 तक खरीफ फसल खराबा पर कृषि आदान अनुदान के रूप में आवंटित की गई।

- उत्तराखण्ड राज्य में हुई बाढ़ त्रासदी में राजस्थान राज्य के 29 जिलों के 512 व्यक्ति मृतक एवं स्थाई रूप से लापता पाये गये। उत्तराखण्ड बाढ़ त्रासदी में लापता व्यक्तियों के विधिक वारिसों को सहायता दिये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा दिनांक 29.7.2013 को राहत पैकेज जारी किया गया। जिसमें उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 5 लाख रूपये (2 लाख प्रधानमंत्री सहायता कोष से+1.50 लाख एसडीआरएफ से +1.50 लाख उत्तराखण्ड सरकार से) तथा राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5.00 लाख की अनुग्रह सहायता दिये जाने का निर्णय लिया गया। उत्तराखण्ड सरकार से राशि रूपये

5.00 लाख के विरूद्ध केवल 3.50 लाख प्रति मृतक एवं स्थायी रूप से लापता व्यक्तियों की राशि प्राप्त हुई है।

- मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतक/स्थाई रूप से लापता व्यक्तियों के विधिक वारिसों को राशि रूपये 5.00 लाख एवं उत्तराखण्ड सरकार से प्राप्त राशि रूपये प्रति मृतक 3.50 लाख कुल प्रति मृतक राशि 8.50 लाख मय मृत्यु प्रमाण पत्रों सहित जिला कलेक्टर्स को प्रेषित किये जा चुके हैं।

अभाव स्थिति

विभाग की अधिसूचना क्रमांक 734–800 दिनांक 28.01.2014 द्वारा सम्वत 2070 में राज्य के 17 जिलों के 10225 गांवों को खरीफ फसल के लिए अभावग्रस्त घोषित किया गया।

मानसून 2014

राज्य में दक्षिणी पश्चिमी मानसून ने दिनांक 03.07.2014 को प्रवेश किया एवं दिनांक 07.07.2014 को मानसून पूरे राज्य में फैल गया। राज्य के सभी भागों से दिनांक 28.09.2014 को मानसून ने विदाई ले ली।

01 जून 2014 से 30 सितम्बर 2014 तक राज्य की औसत सामान्य वर्षा 530.08 मि.मी. के विरुद्ध 529.00 मि.मी. दर्ज हुई है, जो कि सामान्य से –0.20 प्रतिशत कम है। मानसून सत्र में 1 जून, 2014 से 30 सितम्बर, 2014 तक हुई वर्षा के अनुसार जिलों को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया गया है:–

क्र.सं.	श्रेणी	नाम जिले	संख्या
1.	असामान्यवर्षा (सामान्य से 60 प्रतिशत तथा इससे अधिक)	कोई नहीं	0
2.	अधिक वर्षा (सामान्य से 20 से 59 प्रतिशत)	श्रीगंगानगर, अजमेर, नागौर, टोंक व बारां	5
3.	सामान्य वर्षा (सामान्य से (+) 19 प्रतिशत से (–) 19 प्रतिशत तक)	चूरू, जयपुर, भीलवाड़ा, जालौर, पाली, झुन्झुनूं, सीकर, हनुमानगढ़, दौसा, बून्दी, चित्तौड़गढ, डूंगरपुर, राजसमन्द, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर, करौली, सवाईमाधोपुर, कोटा, झालावाड़, उदयपुर एवं प्रतापगढ़	22
4.	कम वर्षा (सामान्य से (–) 20 प्रतिशत से (–) 59 प्रतिशत)	जैसलमेर, सिरोही, भरतपुर, अलवर एवं बांसवाड़ा, धौलपुर	6
5	न्यून वर्षा : (सामान्य से (–) 60 प्रतिशत व इससे कम)	कोई नही	0

मानसून अवधि दिनांक 30.9.2014 तक राज्य के वृहद एवं मध्यम व लघु (4.25 Mcum भराव क्षमता से अधिक क्षमता वाले बाँध) में कुल भराव क्षमता 11697.10 Mcum की तुलना में 9224.35 Mcum पानी प्राप्त हुआ, जो कि कुल भराव क्षमता का 78.86 है। राज्य के छोटे बाँधों (4.25 Mcum से कम भराव क्षमता वाले बाँध) में कुल भराव क्षमता 837.75 Mcum की तुलना में 391.09 Mcum पानी प्राप्त हुआ, जो कि कुल भराव क्षमता का 46.68 है। इस प्रकार कुल मिलाकर राज्य के सभी छोटे व वृहद बाँधों में उनकी कुल भराव क्षमता का 76.71% पानी दिनांक 30.9.2014 को भरा हुआ था।

मानूसन सत्र 2014 में राज्य में हुई वर्षा तथा गत 3 वर्षो से इसकी तुलना का जिलेवार विवरण **परिशिष्ट–15** पर उपलब्ध है।

अतिवृष्टि/बाढ़

1. वर्ष 2014–15 में जिला कलक्टर्स द्वारा प्रेषित प्रस्तावों के अनुसार बाढ़/अत्यधिक वर्षा से क्षतिग्रस्त जल संसाधन विभाग की क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों (बांध/नहर) की तात्कालिक मरम्मत हेतु कुल 10 जिलों को 248 कार्यो हेतु राशि रूपये 1,676.20 लाख की स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग की क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों (सड़कों) की तात्कालिक मरम्मत हेतु कुल 07 जिलों के 1,176 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है।
2. राज्य में अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं से जलने, डूबने तथा मकान ढ़हने से मृतकों के परिजनों को एस.डी.आर.एफ. नॉर्म्स अनुसार 1.50 लाख रूपये प्रति व्यक्ति सहायता प्रदान की गई है।

ओलावृष्टि

राज्य में वर्ष 2014 में राज्य के 22 जिले यथा अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बारां, बीकानेर, बून्दी, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, जयपुर, झालावाड़, झुन्झुनूं, जोधपुर, कोटा, करौली, नागौर, स0माधोपुर, टोंक एवं सीकर में ओलावृष्टि हुई है। ओलावृष्टि से प्रभावित मृतकों, घायलों, क्षतिग्रस्त मकानों एवं पशुओं के लिये भी एस.डी.आर.एफ. मानदण्डों के अनुसार सहायता राशि एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित पैकेज के अनुसार अन्य सहायता उपलब्ध करवाई गयी।

गौशाला अनुदान

अभावग्रस्त जिलों में अभावग्रस्त एवं गैर अभावग्रस्त क्षेत्रों की गौशालाओं को अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके अतन्तर्गत 1,225 गौशालाओं के माध्यम से लगभग 24,358 पशुओं का संरक्षण अभाव अवधि में किया गया है।

असहाय सहायता

इसके अन्तर्गत प्रभावित जिलों के वृद्ध, असहाय एवं निराश्रित बच्चों को आधारभूत सुविधाओं हेतु असहाय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। इस वर्ष प्रभावित व्यक्तियों को दिनांक 31.7.2014 तक असहाय सहायता उपलब्ध करवाई गई।

अग्नि पीड़ितों को सहायता

जिला कलक्टरों को स्थायी निर्देश हैं कि अग्नि दुर्घटना से होने वाली जन–धन हानि का तत्काल सर्वे करवाकर पीड़ितों को निर्धारित मानदण्डों के अनुसार सहायता उपलब्ध करवाई जावे इसके लिए राज्य सरकार से किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। वर्ष 2009–10, वर्ष 2010–11, वर्ष 2011–12 तथा वर्ष 2012–13 तथा 2013–14, 2014–15 में क्रमशः 369.70 लाख, 375.94 लाख, 423.67 लाख, 518.32 लाख, 472.76 लाख एवं 485.27 लाख (जनवरी, 2015 तक) रुपये की राशि अग्नि पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने हेतु जिलों को उपलब्ध करवाई गई।

राजस्थान राहत कोष

एस.डी.आर.एफ. में अधिसूचित आपदाओं के अतिरिक्त अन्य आपदाओं में खोज एवं बचाव कार्यो हेतु राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2005–06 में रूपये 5.00 करोड़ की राशि का प्रावधान करके उक्त कोष का गठन किया गया है। इस कोष का प्रबंधन/संचालन मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है। इस कोष में दिये गये अंशदान पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी में छूट का प्रावधान दिनांक 31.3.2018 तक किया गया है।

गत वित्तीय वर्ष 2013–14 में रूपये 5.46 लाख तथा वित्तीय वर्ष 2014–15 में कुल रूपये शून्य राशि जिलों को बचाव/राहत कार्यों हेतु उपलब्ध करवाई गई। वर्ष 2012–13 के लिये अंकेक्षण पर रूपये 7,416/– तथा वर्ष 2013–14 के लिये अंकेक्षण पर 7,416/– रूपये का व्यय किया गया।

वर्तमान में इस कोष में बचाव कार्यो हेतु रूपये 4.953 करोड़ की धन राशि उपलब्ध है। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 में इस कोष में राशि रूपये 25.00 लाख उपलब्ध कराये हैं।

राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF)/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (NDRF) बजट प्रावधान एवं व्यय

तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशानुसार वर्ष 2009–10 के अन्त में आपदा राहत कोष (CRF) में बची राशि का स्थानान्तरण राज्य आपदा मोचन निधि (SDRF) में कर दिया गया है।

तेरहवें वित्त आयोग ने राज्य आपदा मोचन निधि में केन्द्र व राज्य सरकार के अंशदान का अनुपात पूर्व की भाँति ही 3 : 1 रखा है। वर्ष 2010–11 से 2014–15 की अवधि के दौरान वर्षवार केन्द्रीय एवं राज्य अंशदान की राशि का निम्नानुसार प्रावधान किया गया है :–

(राशि करोड़ रुपये)

वर्ष	भारत सरकार का अंशदान	राज्य सरकार का अंशदान	योग
2010-11	450.50	150.16	600.66
2011-12	473.02	157.67	630.69
2012-13	496.67	165.55	662.22
2013-14	521.50	173.83	695.33
2014-15	547.58	182.52	730.10
योग	**2489.27**	**829.73**	**3319.00**

वित्तीय वर्ष 2014–15 के प्रारम्भ (1 अप्रैल, 2014) में प्राकृतिक आपदा कोष में एस.डी. आर.एफ. एवं एन.डी.आर.एफ. की अवशेष राशि रुपये 1,068.82 करोड़ थी। जिसमें वर्ष 2013–14 में एसडीआरएफ नॉर्म्स के अन्तर्गत राज्य सरकार से प्राप्त ब्याज राशि रूपये 26.28 करोड़ शामिल है। तथा अवशेष राशि के 91 दिवसीय नीलामी योग्य ट्रेजरी बिलों में निवेष से प्राप्त ब्याज रूपये 48.74 करोड़ शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिये मूल बजट प्रावधान मद 2245–01 सूखा व 02 बाढ़ चक्रवात आदि के लिये 730.10 करोड़ रुपये स्वीकृत है।

भारत सरकार द्वारा दिनांक 28.9.2012, 28.11.2013 को वर्ष 2010–15 के लिए प्रभावी राज्य आपदा मोचन निधि के नये नॉर्म्स जारी किए गये हैं।

वर्ष 2007–08 से 2014–2015 के अन्तर्गत आपदा राहत कोष/राज्य आपदा मोचन निधि की स्थिति **परिशिष्ट 9** पर एवं इस कोष के अन्तर्गत व्यय की गई राशि का विवरण **परिशिष्ट 11 व परिशिष्ट 12** पर उपलब्ध है।

सहायता के मापदण्ड

प्राकृतिक आपदा के समय दिये जाने वाले सहायता मापदण्डों का विवरण परिशिष्ट–18 अनुसार है।

– 0 –

परिशिष्ट–1


Administrative Set-up
Minister
Secretary-
PS
Jt.Secy.
Sr.PA
FA-
PA
AS
OSD-I
OSD-II
Steno
Sr.A.O.
OS-cum-Asst.AO
Statiscal Officer
Programmer
AO (2)
Asstt.OS
Asstt.SO
AAO-I (3)
Clerk-I (11)
AAO-II (5)
Clerk-II (12)
Jr. Actt.
Machinman
Jamadar (3)
IV Class (9)

परिशिष्ट–2

विभाग में कार्यरत अधिकारियों की सूची

क्र.सं.	पद नाम	नाम अधिकारी	दिनांक से विभाग में कार्यरत
1.	शासन सचिव	श्री रोहित कुमार	29.12.2014
2.	शासन विशिष्ट सचिव	रिक्त	–
3.	शासन संयुक्त सचिव	श्री रामदयाल मीणा	03.03.2014
4.	वित्तीय सलाहकार	श्री संजय सोलंकी	05.03.2014
5.	सहायक आयुक्त एवं सहायक शासन सचिव	श्रीमती ममता राव	03.03.2014
6.	विशेषाधिकारी (2)	रिक्त	19.06.2013 से
		श्री बिजेन्द्र सिंह	30.03.2011
7.	वरिष्ठ लेखाधिकारी	रिक्त	
8.	लेखाधिकारी	श्री सीताराम गुप्ता	18.08.2010
9.	लेखाधिकारी	श्री सूरजमल कोली	6.01.2010
10.	सांख्यिकी अधिकारी	श्री राकेश चन्द्र भार्गव	27.10.2014
11.	सहायक लेखाधिकारी(4)	श्री हीरा लाल शर्मा	10.04.2012
		श्री मालचन्द मीणा	6.01.2011
		श्री बाबू लाल जैन	23.01.2009
		श्री राजेश कटारा	21.9.2010
12.	प्रोग्रामर	श्री मुकेश कुमार वर्मा	28.03.1994

परिशिष्ट–3

स्वीकृत पदों की स्थिति

क्र.स.	पद नाम	पदों की संख्या	रनिंग पे–बैण्ड	पे–बेन्ड	ग्रेड–पे
1.	शासन सचिव	1	37400–67000	IAS PB 4	10000
2.	विशिष्ठ शासन सचिव	1	37400–67000	IAS PB 4	8900
3.	शासन संयुक्त सचिव	1	37400–67000	PB 4	8700
4.	वित्तीय सलाहकार	1	37400–67000	PB 4	8700
5.	सहायक आयुक्त एवं पदेन शासन सहायक सचिव	1	15600–39100	PB 3	6000
6.	लेखाधिकारी	2	15600–39100	PB 3	5400
7.	विशेषाधिकारी	2	15600–39100	PB 3	6600
8	निजी सचिव	1	15600–39100	PB 3	6600
9.	प्रोग्रामर	1	15600–39100	PB 2	5400
10.	सांख्यिकी अधिकारी	1	9300–34800	PB 2	4800
11.	सहायक लेखाधिकारी	1	9300–34800	PB 2	4800
12.	सहायक सांख्यिकी अधिकारी	1	9300–34800	PB 2	4200
13.	प्रशासनिक अधिकारी	1	9300–34800	PB 2	4200
14.	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	2	9300–34800	PB 2	3600
15.	सहायक लेखाधिकरी द्वितीय	32	9300–34800	PB 2	4200
16.	कनिष्ठ लेखाकार	4	9300–34800	PB 2	3600
17.	वरिष्ठ निजी सहायक	1	9300–34800	PB 2	5400
18.	निजी सहायक	1	9300–34800	PB 2	4200
19.	शीघ्र लिपिक	2	9300–34800	PB 1	3600
20.	लिपिक ग्रेड I	42	5200–20200	PB 1	2800
21.	लिपिक ग्रेड II	20	5200–20200	PB 1	2400
22.	मशीन मैन	1	5200–20200	PB 1	1750
23.	जमादार	3	5200–20200	PB 1	1900
24.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	9	5200–20200	PB 1	1700

परिशिष्ट–4

राजस्थान राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
(राजस्थान आपदा प्रबन्धन नियम, 2009)

1.	मुख्यमंत्री	अध्यक्ष
2.	जल संसाधन मंत्री	सदस्य
3.	ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री	सदस्य
4.	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री	सदस्य
5.	स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री	सदस्य
6.	कृषि तथा पशुपालन मंत्री	सदस्य
7.	आपदा प्रबन्धन एवं सहायता मंत्री	सदस्य
8.	मुख्य सचिव	मुख्य कार्यकारी अधिकारी

नोट :

1. प्राधिकरण, विशेष परिस्थितियों में, यदि ऐसा आवश्यक समझा जावे, तो किसी मंत्री या राज्य मंत्री, जो प्राधिकरण का सदस्य नहीं है, को विशेष आमंत्रित के रूप में आमंत्रित कर सकेगा।
2. जब कभी वांछनीय समझा जावे, राज्य प्राधिकरण उसके कृत्यों में सहायता के लिये राज्य कार्यकारी समिति के किसी सदस्य को आमंत्रित कर सकेगा।
3. राज्य कार्यकारिणी समिति का अध्यक्ष, राज्य प्राधिकरण का पदेन मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा और प्रमुख शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग, राज्य प्राधिकरण का पदेन अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा।
4. राज्य प्राधिकरण का अध्यक्ष किसी एक सदस्य को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में पदाभिहित कर सकेगा।

परिशिष्ट–5

राजस्थान राज्य कार्यकारिणी समिति, आपदा प्रबन्धन
(राजस्थान आपदा प्रबन्धन नियम, 2009)

1.	मुख्य सचिव	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज	सदस्य
3.	प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग	सदस्य
4.	प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग	सदस्य
5.	शासन सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता विभाग	सदस्य

नोट : राज्य कार्यकारिणी समिति, जब कभी अध्यक्ष द्वारा अपेक्षित हो, किसी प्रमुख सचिव या सचिव को उसके कर्तव्य के निर्वहन में सहायता के लिये विशेष आमंत्रित के रूप में आमंत्रित कर सकेगी।

परिशिष्ट–6

जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
(राजस्थान आपदा प्रबन्धन नियम, 2009)

1.	जिला कलेक्टर	अध्यक्ष
2.	जिला प्रमुख, जिला परिषद	सह अध्यक्ष
3.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद	सदस्य
4.	जिला पुलिस अधीक्षक	सदस्य
5.	जिले के लोक निर्माण विभाग का वरिष्ठतम अधिकारी	सदस्य
6.	जिले के जल संसाधन विभाग का वरिष्ठतम अधिकारी	सदस्य
7.	अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सहायता अनुभाग)	सदस्य

प्राधिकरण के निम्नलिखित, स्थाई आमंत्रित होंगे :–

1. जिले के निर्वाचित संसद सदस्य, लोक सभा
2. जिले के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विधान सभा सदस्य
3. जिले में पदस्थापित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा विभाग और पशुपालन विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी
4. जिला प्राधिकरण का अध्यक्ष, विशेष परिस्थितियों में, यदि वह आवश्यक समझें, तो किसी भी व्यक्ति को विशेष आमंत्रित के रूप में आमंत्रित कर सकेगा।

परिशिष्ट–7

वित्तीय वर्ष 2014–15 में खोज एवं बचाव (Search & Rescue) मद में स्वीकृत राशि का विवरण

क्र. सं.	नाम विभाग	प्रशासनिक स्वीकृति सं. एवं दिनांक	राशि लाखों में	कार्य
1.	महानिरीक्षक आरएसी, जयपुर	एफ 8 (6)आप्रएवं सहा/आप्र/10/ SAR/3767.74 दिनांक 13.05.2014	707.30	राज्य आपदा प्रतिसाद दल (SDRF)की यूनिट कोटा, जयपुर, जोधपुर एवं एक प्रशिक्षण केन्द्र के लिये उपकरणों बाबत
2.	जल संसाधन विभाग	एफ 8 (4)आ.प्र. एवं सहा./आप्र./ 20132/182.85 दिनांक 06.01.2015	62.57	जिला कलेक्टरों को पम्पसेट क्रय हेतु
			769.87	

परिशिष्ट–8

क्षमता संवर्धन योजना में वर्ष 2014–15 में स्वीकृत राशि

क्र. सं.	नाम विभाग	विवरण	राशि (लाखो में)
1.	पर्यटन विभाग (मेला प्राधिकरण)	धार्मिक संस्थानों, मठाधीशों, कार्यक्रम संचालकों, टेन्ट हाऊस मालिकों, मेला आयोजकों को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण	5.00
2.	पशुपालन	वेट्स एवं पैरावेट्स के प्रशिक्षण हेतु	28.00
3.	उद्योग	औद्योगिक एवं रसायनिक आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण	10.00
4.	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण	10.00
5.	कारखाना एवं बॉयलर्स	औद्योगिक एवं रसायनिक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण	10.00
6.	सार्वजनिक निर्माण विभाग	सिविल अभियंताओं, रजिस्टर्ड ठेकेदारों को भूकम्परोधी निर्माण बाबत प्रशिक्षण	10.00
7.	समस्त नोडल विभाग (प्रत्येक विभाग 1.00 लाख)	आपदा प्रबंधन की राज्य स्तरीय प्रशिक्षण/कार्यशाला आयोजन हेतु	12.00
8.	खान विभाग	औद्योगिक एवं रसायनिक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण	10.00
9.	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर	भूकम्प जोन III, IV के जिलों में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम प्रशिक्षण	12.00
10.	एच.सी.एम.रीपा, जयपुर	विभिन्न आपदाओं के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन हेतु	90.00
11.	जिला कलेक्टर्स–31 (जयपुर एवं कोटा के अतिरिक्त)	तहसील एवं गांवों की आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने हेतु	112.30
12.	महानिरीक्षक, पुलिस (प्रशिक्षण)	तैराकी प्रशिक्षण हेतु	2.59
13.	जिला कलेक्टर अजमेर, अलवर, चित्तौड़गढ़ (जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु 3.20 लाख प्रत्येक)	जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु	9.60
14.	जिला कलेक्टर अलवर, चूरू, पाली, टोंक, झालावाड़ (जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर हेतु खोज एवं बचाव उपकरण क्रय 1.50 लाख प्रत्येक)	खोज एवं बचाव उपकरण क्रय हेतु	7.50
15.	जिला कलेक्टर अजमेर (संभाग जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षण हेतु)	प्रशिक्षण कार्यक्रम	1.50
16.	जिला कलेक्टर अजमेर, चूरू, धौलपुर, जालौर (जिला परिषद के माध्यम से पंचायती राज कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रत्येक जिला 0.50 लाख एवं जालौर को 0.37 लाख)	पंचायती राज कर्मचारियों को प्रशिक्षण	1.87

17.	जिला कलेक्टर चूरू ओरिएण्टेशन वर्कशॉप हेतु 1.00 लाख	ओरिएण्टेशन वर्कशॉप	1.00
18.	जिला कलेक्टर भरतपुर ओरिएण्टेशन वर्कशॉप हेतु 1.00 लाख	ओरिएण्टेशन वर्कशॉप	1.00
19.	जिला कलेक्टर भरतपुर (जिला परिषद के माध्यम से पंचायती राज कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रत्येक जिला 0.50 लाख)	पंचायती राज कर्मचारियों को प्रशिक्षण	0.50
20.	जिला कलेक्टर भरतपुर (जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु 3.20 लाख)	जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु	3.20
21.	जिला कलेक्टर भरतपुर (जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर हेतु खोज एवं बचाव उपकरण क्रय 1.50 लाख)	खोज एवं बचाव उपकरण क्रय हेतु	1.50
22.	जिला कलेक्टर सीकर (जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु 3.20 लाख)	जिला आपदा प्रबंधन योजना हेतु	3.20
23.	सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, जोधपुर (सेन्टर फोर रोड़ सेफ्टी)	सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा अन्तर्गत आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षित किए जाने एवं जन जागरूकता अभियान हेतु	50.00
24.	राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम	विभिन्न अधिकारियों/अभियंताओं को आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण हेतु	10.50
25.	जल संसाधन	विभिन्न अधिकारियों/अभियंताओं को आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण हेतु	16.75
26.	गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा	गृहरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के वोलिन्टयर्स को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु	25.00
27.	एच.सी.एम.रीपा, जयपुर	विभिन्न आपदाओं के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन हेतु	36.50
		योग	481.51

परिशिष्ट–9

POSITION OF SDRF/NDRF

As on 31-12-2014 **(Rs.in Crore)**

Funds	**CRF/NCCF**	**CRF/NCCF**	**CRF/NCCF**	**SDRF/NDRF**	**SDRF/NDRF**	**SDRF/NDRF**	**SDRF/NDRF**	**SDRF/NDRF**
	2007-08	**2008-09**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**
(A) CRF/SDRF								
Opening Balance	-	95.83	71.99	208.01	4.64	570.20	1141.99	999.22
Central Share	257.35	360.87	378.90	450.50	473.02	496.67	521.50	547.58
State Share	85.78	120.29	126.30	150.16	157.67	165.55	173.83	182.52
Receipt from Interest	-	14.31	-	-	24.60	65.47	75.02	20.95
Advance receipt against the forth coming financial year	-	-	-	-	-	-	-	-
Funds transferd by State Govt. in SDRF	-	-	-	-	-	101.90	0.53	-
Total Funds Available under CRF	343.13	591.30	577.19	808.67	659.93	1399.79	1912.87	1750.27
Expenditure	**247.30**	**519.31**	**383.52**	**804.03**	**89.73**	**257.80**	**913.65**	**894.96** (upto Dec.14)
Closing Balance	**95.83**	**71.99**	**193.67**	**4.64**	**570.20**	**1141.99**	**999.22**	**855.31**
(B) NCCF/NDRF								
Opening Balance	459.45	459.45	459.45	69.60	69.60	69.60	69.60	69.60
Receipts	-	--	115.12	-	-	-	-	-
Total Fund Available under NCCF	-	-	574.57	69.60	69.60	69.60	69.60	69.60
Allotment Made	-	-	504.97	-	-	-	-	-
Closing Balance	459.45	459.45	69.60	69.60	69.60	69.60	69.60	69.60
Total Funds available Under SDRF& NDRF(A+B)	**555.28**	**531.44**	**263.27**	**74.24**	**639.80**	**1,211.59**	**1,068.82**	**924.91**

परिशिष्ट–10

Capacity Building For Disaster Response

-

(Rs.in Crore)

वर्ष	प्रारम्भिक शेष	प्राप्त राशि	व्यय राशि	शेष राशि
2010–11	–	6.00	6.00	–
2011–12	–	6.00	3.47	2.53
2012–13	2.53	6.00	2.50	6.03
2013–14	6.03	–	1.11	4.92
2014–15	4.92	–	1.75	3.17

परिशिष्ट–11

वर्ष 2012–13, वर्ष 2013–2014 एवं वर्ष 2014–2015 में अकाल राहत गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न मदों में व्यय की गई राशि

(राशि लाख रुपये में)

गतिविधि का विवरण	2012–2013	2013–2014	2014–2015 (31.10.14 तक)
1. अनुग्रह सहायता	109.11	332.83	146.52
2. पीने के पानी की आपूर्ति	225.86	552.28	759.90
3. चारा परिवहन	(-) 0.30	246.22	14.18
4. पशु पोषण केन्द्र	-	640.53	(-) 0.10
5.पशु शिविर/गौशाला	11.27	2182.52	5980.93
6. पशु चिकित्सा	-	(-) 0.01	-
7 दवाओं की पूर्ति	-	-	-
8. अन्य विशेष राहत कार्य	(-) 2.72	(-) 0.24	(-) 1.20
9. अग्नि सहायता	505.57	453.77	343.91
10.सर्च एवं रेस्क्यू एव प्रशिक्षण	1435.16	34.56	374.85
11.कृषि आदान अनुदान	10881.17	78262.15	38667.03
12.अन्य सहायता	(-) 11.15	(-) 3.69	-
योग	**13,153.97**	**82,700.92**	**46,286.02**

परिशिष्ट–12

वर्ष 2012–13, 2013–14 एवं 2014–15 में अन्य राहत गतिविधियों के अन्तर्गत विभिन्न मदों में व्यय की गई राशि

(राशि लाख रुपये में)

क्र. स.	गतिविधियाँ	वर्ष		
		2012–13	2013–14	2014–15 (31.12.14 तक)
1.	आनुग्रहिक राहत	20.52	2.14	0.37
2.	पीने के पानी की आपूर्ति	-	-	-
3.	पशु चिकित्सा	28.83	-	-
4.	सड़कों की मरम्मत	2086.91	1104.51	-
5.	बिजली पुनरूद्धार	-	-	-
6.	सर्च, रेसक्यू एवं संचार आदि उपाय एव उपकरणों का क्रय	1361.57	445.61	163.31
7.	प्रशिक्षण	(-)1.23	-	-
8.	खराब सरकारी कार्यालय भवनों की मरम्मत	-	-	-
9.	खराब जल पूर्ति, जल निकासी एवं जल मल निर्माण कार्यों की मरम्मत तथा पुनःस्थापना	35.45	26.27	40.38
10.	शोकार्त परिवारों को सहायता	137.67	54.09	55.72
11.	घरों की मरम्मत	1016.49	646.34	790.67
12.	ओलावृष्टि से प्रभावितों को कृषि आदान अनुदान	1862.61	5,928.08	41,642.19
13.	डिसिल्टिंग	-	-	-
